# जनगणना कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें : विश्राम मीणा

**बीकानेर,**(कासं)। जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन गुरूवार को संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान में किया।

इस अवसर पर एडिशनल डायरेक्टर डॉ नरेन्द्र कुमार थोरी, सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल खीचड़ भी उपस्थित थे। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि जनगणना-2027 से संबंधित सभी अधिकारी जनगणना कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें। इस बार जनगणना कार्य तकनीकी आधारित डिजिटल तरीके से की जा रही है।



**जनगणना के प्रथम चरण के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण का संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा एवं जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने उद्घाटन किया।**

इसकी मॉनिटरिंग भी आधुनिक तरीके से की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आधार पर ही देश में नीतियां बनाई जाती है और विकास के कार्य करवाए जाते हैं। लिहाजा जनगणना के आंकड़े पारदर्शी हों। मीणा ने बताया कि देश में मौर्य काल से ही जनगणना की जा रही है। आधुनिक काल में देश में 1872 में जनगणना शुरू हुई। वर्ष 2027 की जनगणना देश की 16 वीं जनगणना है। वहीं देश आजाद होने के बाद की यह 9 वीं जनगणना है। इससे पहले वर्ष 2011 में देश में जनगणना की गई। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सभी अधिकारियों को जनगणना की ट्रेनिंग अच्छे से लेने और कार्य को समय पर पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया।

सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल खीचड़ ने बताया कि निदेशक एवं मुख्य प्रमुख जनगणना अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण 19 से 20 फरवरी दो दिन एवं नियमित सहायकों का प्रशिक्षण 19 से 21 फरवरी तक तीन दिन तक हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित किया जा रहा है। खीचड़ ने बताया कि सहायक निदेशक कल्पेश गुप्ता एवं सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड सेकण्ड अशोक गोदारा जनगणना कार्य निदेशालय जयपुर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**■ जनगणना -2027 के प्रथम चरण के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

खीचड ने बताया कि प्रथम दिवस प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, उप जिला जनगणना अधिकारी, नगर निगम के जनगणना अधिकारी, जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी एवं नायब तहसीलदार तथा प्रत्येक चार्ज क्षेत्र से एक नियमित सहायक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## शोभायात्रा में चैन चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**सूरतगढ़,**(कासं)। सूरतगढ़ में 11 फरवरी को निकली भव्य श्री श्याम निशान शोभायात्रा के दौरान महिलाओं के गले से सोने की चैन काटकर चोरी करने की घटना का पुलिस ने देर शाम खुलासा कर दिया।

मामले में पुलिस ने 2 महिलाओं सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई तीनों सोने की चैन भी बरामद कर ली गई हैं। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र की मदद से कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना के दिन महिला आरोपी पीले रंग की साडियां पहनकर शोभायात्रा में शामिल हो गई और भीड़ का फायदा उठाकर कटर से महिलाओं के गले से सोने की चैन काटकर फरार हो गई।

सीआई दिनेश सारण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पिन्टु देवी पत्नी संजय कुमार निवासी चितोकरी थाना सेवर जिला भरतपुर, सोनिया पत्नी खन्ना बांवरिया निवासी रूधईकरण थाना चिकसाणा जिला भरतपुर तथा कन्हैया पुत्र बबलू बांवरिया निवासी भुच्चोमंडी भटिंडा (पंजाब) हाल गोकुल नगर कच्ची बस्ती जिला भरतपुर के रूप में हुई है।

## सार-समाचार

### पर्यावरण संघर्ष समिति का धरना



**पर्यावरण संघर्ष समिति का कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना 215 वें दिन भी जारी रहा।**

**बीकानेर,** (कासं)। पर्यावरण संघर्ष समिति का बीकानेर में 215 वें दिन भी धरना जारी रहा तथा खेजड़ला रोही नोखा दईया के धरने को आज 570 वां दिन है। बीकानेर धरने पर बैठे प्रकृति मानव केन्द्रीत जन आन्दोलन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर अरूण कुमार वैध ने कहा कि प्रकृति में कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है। इसे केवल खेजड़ी व अन्य वनस्पति ही अवशोषित करती है। अगर पेड़-पौधों का इसी तरह विनाश होता गया तो वन्यजीवों सहित समस्त मानव जाति खतरे की जद में आ जायेगी। वैध ने कहा कि इन खतरों से निपटने के लिए आम आदमी में समझ विकसित करनी होगी तथा वनस्पति का महत्व समझाना होगा। धरने पर आये पर्यावरणीय वैज्ञानिक सागर धारा ने कहा कि वर्तमान समय में पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन का भयंकर संकट है। इस संकट से उभरने के लिए जन आन्दोलन की जरूरत है। इस दौरान शान्ति लाल सेठिया, शिवदान मेघवाल, हरिराम खीचड़, रामप्रताप वर्मा, सज्जन कुमार, गिरधारी कूकणा, लाधुराम गोदारा, रामदेव मेघवाल, ताहिर खान, हनुमान काकड़, मूलचन्द खत्री, जयप्रकश बागड़वा, गोपीचन्द धायल, ओमप्रकाश खीचड़ कुचोर, पूनमराम रिख, हेतराम बिश्नोई, कृष्ण कुमार बिश्नोई, श्रवण कासनिया, शरीफ समेजा, काशीराम मेघवाल, केदारनाथ खत्री, जैसाराम मेघवाल, महेन्द्र भादू, सुगनाराम जाट, ओमप्रकाश बिश्नोई, नरेन्द्र सिंह राजावत, विनोद शर्मा, श्रीराम मण्डा, पार्षद अब्दुल वहीद, इजहार अली, सरजू गहलोत, रामदयाल बिश्नोई, कपिल गौड़ व रक्षपाल बिश्नोई आदि मौजूद थे।

### हस्तशिल्प उत्पाद एम्पोरियम



**हस्त शिल्प उत्पादों के एम्पोरियम 'कला कुंज' का जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने उद्घाटन किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कर्यक्रम के तहत तैयार बीकानेर जिले के पहले हस्तशिल्प एम्पोरियम 'कला कुंज' का उद्घाटन जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने गुरूवार को किया। हरोलाई हनुमन मंदिर रोड पर बने इस केन्द्र में उस्ता कला, बीकानेरी कशीदाकारी, पोकरण पॉटरी, जोधपुर मैटल क्राफ्ट, मथेरण कला, टाई एंड डाई, आर्टिफिशयल ज्वैलरी, पेंटिंग, साफा-पगड़ी सहित एक दर्जन से अधिक प्रकार की हस्त कलाओं के उत्पाद प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्थान का हैण्डीक्राफ्ट अत्यंत समृद्ध है। यहां के कलाकार अपने स्तर पर उत्पादों का निर्माण एवं विक्रय करते हैं। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल की अवधारणा को सार्थक करते हुए 'कला कुंज' इन कलाकारों को एक सशक्त मंच उपलब्ध करवायेगा। हस्तशिल्प सेवा केन्द्र जोधपुर से सहायक निदेशक रविवीर चौधरी ने बताया कि विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कर्यक्रम की इंफ्रास्ट्रक्चर योजना के तहत यह एम्पोरियम बनाया गया है। इसका उद्देश्य आर्टिजन्स, एसएचजी व प्रोड्यूशर कंपनी को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाना है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रमेश तांबिया ने कहा कि सामान्यतया आर्टिजन्स द्वारा बने उत्पादों को बाजार नहीं मिलता। ऐसे आर्टिजन्स के लिए यह पहल कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में ऐसे केन्द्र खोले जा रहे हैं। बीकानेर में भी इसकी शुरूआत हुई है। उस्ता आर्ट विशेषज्ञ मोहम्मद हनीफ उस्ता ने कहा कि इस एम्पोरियम के माध्यम से उस्ता आर्ट की पहुंच आमजन तक हो सकेगी।

### रेंज में 1161 पुलिसकर्मी पदोन्नत

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर रेंज में करीब 6 माह में ही 1161 पुलिसकर्मियों को विभागीय पदोन्नति से पदोन्नत किया गया है। इसके अलावा 285 कांस्टेबल की पदोन्नति प्रक्रिया में है। बीकानेर रेंज में लम्बे समय से विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं अटकी पड़ी थी। पिछले छह माह में रेंज आईजी हेमंत शर्मा ने इसे प्राथमिकता से लिया और लगातार परीक्षाओं का आयोजन कर 1161 योग्य पुलिसकर्मियों को पदोन्नत किया गया। इसके अलावा वर्ष, 22-23 में कांस्टेबल से हैड कांस्टेबल पद के करीब 285 पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया में है। लगातार पदोन्नति होने से पुलिसकर्मियों का मनोबल और अनुसंधान अधिकारी बढ़े हैं। बीकानेर रेंज में वर्ष 21-22 के खाली पदों पर 35 और 22-23 के पदों पर 16 एएसआई को पदोन्नत कर एसआई बनाया गया। बीकानेर जिले में वर्ष 21-22 में 100 और 22-23 में 104 एएसआई बनें। वर्ष 21-22 में 109 हैड कांस्टेबल बनें। श्रीगंगानगर में वर्ष 21-22 में 125 और 22-23 में 40 एएसआई बनें। वर्ष 21-22 में 140 हैड कांस्टेबल बनें। हनुमानगढ़ में वर्ष 21-22 में 100 और 22-23 में 32 एएसआई तथा 21-22 में 119 हैड कांस्टेबल बनें। चूरू में वर्ष, 21-22 में 86 और 22-23 में 46 एएसआई व 21-22 में 109 हैड कांस्टेबल बनें।

### महिला दिवस पर कई खेल होंगे

**बीकानेर,** (कासं)। लघु उद्योग भारती बीकानेर की ओर से महिला दिवस के अवसर पर 7 और 8 मार्च को खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिलाओं को खेलों से जोड़ने और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने का विशेष प्रयास किया जायेगा।

# खारा गांव में पीओपी फैक्ट्रियों से फैल रहे वायु प्रदूषण पर रिपोर्ट मांगी

**बीकानेर,**(कासं)। रीको औद्योगिक क्षेत्र खारा में पीओपी की फैक्ट्रियों से फैल रहे वायु प्रदूषण के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने संज्ञान ले लिया है। संयुक्त कमेटी बनाकर जांच के निर्देश देते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है तथा छह सप्ताह में फैक्चुअल रिपोर्ट पेश करने के नोटिस जिला कलेक्टर और प्रदूषण नियंत्रण मंडल को जारी किए गए हैं।

**■ एनजीटी ने लिया संज्ञान। संयुक्त कमेटी बनाकर जांच के निर्देश देते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है तथा छह सप्ताह में फैक्चुअल रिपोर्ट पेश करने के नोटिस जिला कलेक्टर और प्रदूषण नियंत्रण मंडल को जारी किए**

खारा गांव में वायु प्रदूषण को लेकर रामसिंह ने ज्ञापन के साथ एक दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर की कटिंग एनजीटी को मेल की थी। इस पर गंभीर होते हुए एनजीटी ने राज्य राजस्थान, जिला मजिस्ट्रेट बीकानेर, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला शिक्षा अधिकारी तथा पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव को प्रतिवादी बनाया है। उन्हें नोटिस जारी करते हुए छह सप्ताह में कार्यवाही करते हुए फैक्चुअल रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है। न्यायमूर्ति शियो कुमार सिंह (न्यायिक सदस्य) और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी ने सुनवाई की।

एनजीटी की केन्द्रीय क्षेत्रीय पीठ, भोपाल ने ग्राम खारा (जिला बीकानेर) में बढ़ते वायु प्रदूषण के मामले में स्वत: संज्ञान लिया है। यह मामला गांव के निवासी राम सिंह खारा द्वारा भेजे गए ई-मेल के आधार पर दर्ज किया गया। जिसमें वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। प्रदूषण से परेशान होकर ग्रामीणों ने बच्चों को स्कूल नहीं भेजने का निर्णय लिया था।

खारा गांव रीको औद्योगिक क्षेत्र से सटा हुआ है। पास ही मिनरल जोन है, जहां पीओपी की 40 से अधिक फैक्ट्रियां हैं। सर्दियों में हवा गांव की तरह होने पर पीओपी की धुआं गर्द सहित गांव पर छा जाता है। पिछले साल नवम्बर में इस क्षेत्र का एक्यूआई 900 तक पहुंच गया था। वायु प्रदूषण के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे थे। प्रदूषण नियंत्रण मंडल का दल जयपुर से जांच के लिए आया। उसके बाद प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए फैक्ट्रियों पर उपकरण लगाये गए थे, लेकिन उसके बाद भी ठोस समाधान नहीं हो पाया। गांव के ही गजेसिंह का कहना है कि कुछ फैक्ट्रियां नियमों का उल्लंघन कर रही हैं, जिसकी वजह से काला धुआं और गर्द आये दिन गांव पर छा जाती है।

एनजीटी ने खारा में वायु प्रदूषण की जांच के लिए संयुक्त कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। इस कमेटी में जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि और प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी शामिल होंगे। जांच के बाद फैक्चुअल रिपोर्ट छह सप्ताह में एनजीटी के समक्ष पेश करनी होगी। वहीं दूसरी तरफ करणी औद्योगिक क्षेत्र में भी पर्यावरण प्रदूषण को लेकर एनजीटी ने रिपोर्ट मांग रखी है।

## चैन तोड़ने का आरोपी गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने एक चैन स्नेचिंग की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

यह वारदात 12 फरवरी, 2026 को थाना क्षेत्र के पंचारिया चौक के पास हुई थी। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि 12 फरवरी को रीटा तिवाड़ी पंचारिया चौक, नोखा निवासी, पैदल जा रही थी। इसी दौरान दो नकाबपोश बाइक सवारों ने उनके गले से सोने की चैन झपटी और फरार हो गए।

रीटा तिवाड़ी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर (आईपीएस) के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने नोखा कस्बे में लगे करीब 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की गई और उनके ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी महावीर प्रसाद सोनी उर्फ राजा उर्फ भवानीशंकर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी महावीर प्रसाद सोनी उर्फ राजा उर्फ भवानीशंकर पुत्र अमरचंद, जाति सोनी, उम्र 18 साल, निवासी उगमपुरा, नोखा का रहने वाला है।

# खनिज परिवहन निगरानी के नाम पर 300 करोड़ की मार

**बीकानेर, ( कासं )।** खान महकमे ने खनिज परिवहन की निगरानी के नाम पर वे-ब्रिज संचालकों और वाहनों के लिए नया सिस्टम लगाने का फरमान जारी किया है। जिससे उन पर करीब 300 करोड़ रूपए की मार पड़ेगी। यह सिस्टम खान महकमे के बताए वेंडर्स से ही लगाना होगा, तभी वे रजिस्टर्ड किए जायेंगे।

**■ खान महकमे ने वे-ब्रिज संचालकों और वाहनों के लिए नया सिस्टम लगाने का फरमान जारी किया**

प्रदेश में सभी वे-ब्रिज संचालकों को खनिज परिवहन की सटीक जानकारी के लिए नया सिस्टम रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस (आरएफआईडी) लगाना होगा। इनके अलावा रोजाना राजस्थान सहित, यूपी, गुजरात, एमपी, हरियाणा, पंजाब व अन्य राज्यों के हजारों वाहन खनिज ढोते हैं। जिन्हें आवश्यक रूप से एआईएस 140 मानक का व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) जीपीएस लगाना जरूरी कर दिया गया है।

दोनों ही सिस्टम खान महकमे के बताए वेंडर्स से ही लगाने होंगे। जिन पर करीब 5 लाख रूपए से ज्यादा खर्च करने पड़ेंगे। प्रदेश में 6503 वे-ब्रिज हैं। नया सिस्टम लगाने से इन पर 300 करोड़ रूपए से ज्यादा खर्च करने होंगे। इसके अलावा खनिज ढोने वाले प्रत्येक वाहन को वीएलटीडी जीपीएस लगाने में भी करीब 10 हजार रूपए का खर्चा करना पड़ेगा। उसे हर साल 2000 से 3000 रूपए खर्च कर रिचार्ज भी कराना होगा। खान महकमे ने 8 से 10 वेंडर्स की सूची जारी की है। इन्हीं से नया सिस्टम लगाना अनिवार्य किया है।

फरमान जारी कर कहा गया है कि फरवरी माह में ही नया सिस्टम लगा लिया जाए। क्योंकि खनिज परिवहन के लिए उन्हीं वाहनों का खान विभाग में पंजीकरण किया जायेगा। यहां खास बात यह है कि वर्ष 2017 से ही वे-ब्रिज खान विभाग के सर्वर पर ऑनलाइन हैं। सभी वे-ब्रिज पर नाइट विजन कैमरे, कम्प्यूटर लगे हैं और सॉफ्टवेयर अपडेट हैं। इससे सभी खनिज ढोने वाले वाहनों की फोटो और पूरा डेटा विभाग के पास मौजूद रहता है।

# नापासर मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज की स्वीकृति

**नापासर,** (कासं)। नापासर-जसरासर सड़क मार्ग पर स्थित नापासर रेलवे फाटक पर बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को बजट में स्वीकृति मिल गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों को वर्षों पुरानी जाम और आवागमन की समस्या से जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है।

**■ नापासर रेलवे फाटक पर बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को बजट में स्वीकृति मिली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन कस्वा ने बीकानेर पहुंचकर केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का आभार व्यक्त किया। कस्वा ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से इस महत्वपूर्ण मांग को लेकर केन्द्रीय मंत्री मेघवाल और केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को ज्ञापन भेजते रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा बजट में स्वीकृति दिए जाने से जनता की यह लम्बे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है।

कस्वा ने कहा कि इस ओवरब्रिज के बनने से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। इसके अतिरिक्त, स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। इस अवसर पर नापासर नगर पालिका के पूर्व पार्षद विमल लद्दड़ और पूर्व पार्षद रामचंद्र दैय्या सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। क्षेत्रवासियों ने भी सरकार के इस फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया है।

## जूनागढ़ के आगे चंग पर धमाल

**बीकानेर,** (कासं)। जूनागढ़ के सामने खंजर क्लब की ओर से शाम कलाकारों के द्वारा चंग पर धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम आयोजक खंजर क्लब अध्यक्ष घनश्याम सोलंकी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार जूनागढ़ किले के आगे खंजर क्लब चंग वादकों द्वारा रंग बिरंगे चंग पर धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अतिथि सुनील दत्त नागल, किसन जोशी, एन.डी. रंगा, कवि शिव दाधीच, राधा खत्री, सैय्यद अख्तर, दिलीप गुप्ता, मालचंद जोशी, भवानी सिंह एवं विदेशी पर्यटकों ने चंग की थाप एवं बांसुरी पर शानदार नृत्य किया। इस अवसर पर प्रमोद गहलोत, सतीश गहलोत, किसन लाल सोलंकी, आसुराम सोलंकी, सहदेव कुमावत, रंगा आदि चंग वादकों ने लय के साथ चंग बजाकर होली के गीत गाए।

# पर्यटन को बढ़ावा, सूरसागर में लाइट एंड साउंड लेजर वॉटर शो

**बीकानेर,** (कासं)। जल्द ही विश्व पर्यटन नक्शे पर चमकता नजर आयेगा। इसकी शुरूआत सूरसागर के सौन्दर्यकरण के साथ यहां शुरू होने वाले लाइट एंड साउंड वाटर शो और नाइट टूरिज्म को डवलप करने के साथ होगी। दोनों कार्यों पर करीब 16 करोड़ रूपए खर्च होंगे।

सौन्दर्यकरण के साथ पर्यटकों की सुविधाओं का भी खयाल रखा जायेगा ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। सूरसागर पर करीब 6.50 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले कार्यों की डीपीआर बीडीए और नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 9.50 करोड़ रूपए से होने वाले कार्यों की डीपीआर नगर निगम तैयार कर रहा है। संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि इन कार्यों के लिए 16 करोड़ की डीपीआर बीडीए व नगर निगम तैयार कर रहा है, जिसे मंजूरी के लिए राज्य सरकार के पास भिजवाया जा जायेगा। बजट मिलते ही काम शुरू करवा दिया जायेगा। क्या फिर से पानी में बह जायेंगे 6.50 करोड़ रुपए। सूरसागर पर सौन्दर्यकरण के नाम को लेकर 15 साल में करीब 11 करोड़ रूपए खर्च हो चुके हैं। लेकिन हर बार नतीजा एक ही होता है।

**■ सूरसागर के सौन्दर्यकरण के साथ यहां शुरू होने वाले लाइट एंड साउंड वाटर शो और नाइट टूरिज्म पर करीब 16 करोड़ खर्च होंगे**

हर साल जूनागढ़ के आसपास बारिश का पानी भरते ही सूरसागर की दीवार तोड़ दी जाती है। जिससे सारा गंदा पानी सूरसागर में भरता है और वो क्षतिग्रस्त हो जाता है। साथ ही गंदगी से भर जाता है। बाद में कोई सार संभाल नहीं होती है। करोड़ों रूपए बर्बाद हो जाते हैं। अभी तक जब भी सूरसागर पर सौन्दर्यकरण के कार्य पर बजट खर्च हुआ। पानी निकासी पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

अब बड़ा सवाल ये है कि क्या इस बार ऐसा संभव होगा कि साढ़े छह करोड़ रुपए का बजट बरसाती पानी में नहीं बहेगा। हालांकि इस बार अधिकारियों का दावा है कि बरसाती पानी की निकासी को लेकर भी प्लान तैयार किया जा रहा है ताकि सूरसागर को नुकसान न पहुंचे।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्थाएं जांची

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने गुरूवार को जैसलमेर रोड स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल के समस्त वार्डों एवं व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया तथा प्रभारी सहित अन्य चिकित्सकों की बैठक ली।

केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा ईएसआई के तहत बीमित व्यक्तियों और उनके परिजनों को बेहतर और नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए यह अस्पताल संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इसके माध्यम से समयबद्ध और स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं हो। उन्होंने कहा कि यहां उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाए तथा प्रत्येक श्रमिक तक इसकी



**केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाएं जांची।**

जानकारी पहुंचे, इसके मद्देनजर इसका प्रचार-प्रसार किया जाए। मेघवाल ने अस्पताल की दैनिक ओपीडी पर असंतोष जताया और कहा कि चिकित्सा प्रभारी द्वारा जिले के प्रमुख औद्योगिक संगठनों तथा संस्थानों से समन्वय करते हुए विशेष शिविर लगाए जाएं। जिससे बीमित व्यक्तियों को इस सुविधा की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि यहां मशीनरी और मैन पावर नियोजन संबंधी कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। लेकिन केन्द्र सरकार की मंशा के अनुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिले, यह सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि यह केन्द्र शहर के प्रमुख स्थान पर है तथा यहां लाभांवित होने वाले मरीजों की संख्या की नियमित समीक्षा उच्च स्तर पर की जाती है। इसके मद्देनजर यह सुनिश्चित किया जाए कि बीकानेर का यह संस्थान आगे रहे।

मेघवाल ने कहा कि ईएसआई के इस तीस बैडेड अस्पताल की साख किसी स्थिति में प्रभावित नहीं हो। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी, सुविधाओं सहित आवश्ययकताओं की नियमित समीक्षा करें। इससे अवगत करवाएं। उन्होंने प्रमुख आवश्यकताओं के संबंध में नोट तैयार कर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

## बारिश से ठंड बढ़ी, कोहरा छाया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में हुई बारिश के बाद मौसम साफ है। हालांकि सुबह 8:30 बजे तक ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण सड़कों पर विजिबिलिटी भी कम रही। बारिश के बाद ठंडक बढ़ गई है। जिले में आज से अगले कई दिनों तक मौसम ड्राई बना रहेगा।

मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर गुरुवार सुबह न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री और अधिकतम तापमान 28 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं मंगलवार को यहां न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री और अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार जिले में तापमान में बढ़ोतरी होगी और गर्मी बढ़ेगी। फिलहाल जिले में बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। राजस्थान में कमजोर वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है, जिससे कई इलाकों में बारिश की संभावना है।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18-2-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 49 के किला नं. 21 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0''गुणा 50'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती कुसम देवी पत्नी श्री पिंकू निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती कुसम देवी पत्नी श्री पिंकू निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 49 के किला नं. 21 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0''गुणा 50'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

RajKaj Ref No.: 20443113 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपति सूचना** दिनांक : 18.02.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 70 के किला नं. 24 में भूखण्ड संख्या 36 का माप 40'-0'' गुणा 65'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती रिया भठेजा पत्नी शुभम बजाज निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती रिया भठेजा पत्नी शुभम बजाज निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 70 के किला नं. 24 में भूखण्ड संख्या 36 का माप 40'-0'' गुणा 65'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

RajKaj Ref. No. 20507446 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर